दिन–शनिवार दिनांक– 21 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही फसलों को व्यापक नुकसान। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया और सुपौल समेत आस–पास के जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

02. केंद्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की मंजूरी दी।

03. ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, बिहार के एथलीट पीयूष राज ने ऑल इंडिया ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की चार सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि कल शाम से ही तेज आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। कई स्थानों पर आंधी के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिरने के समाचार हैं। वहीं, विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ ही कई स्थानों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस बारिश से गेहूं, दलहन और आम और लीची के मंजर को काफी नुकसान पहुंचा है। अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया है जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के दरभंगिया टोला में एक कच्चे घर की दीवार गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

–––साउंड बाइट–––

सीमामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बारिश के कारण यहां भी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

–––साउंड बाइट–––

कटिहार जिले में भी बारिश और तूफान के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। हालांकि इस बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है।

———साउंड बाइट———

सीमांचल समेत कटिहार में आंधी तूफान के साथ तेज मूसलाधार बारिश होने से गेहूं आम और लीची की फसल को भारी नुकसान हुआ है। जिले के फलका समेली बरारी, कोढ़ा, कदवा समेत कई इलाकों में सैकड़ो एकड़ में लगी मकई की फसल नष्ट हो गई है। कल शाम आंधी तूफान के साथ तेज मूसलाधार बारिश होने से जहां एक ओर गर्मी से आम लोगों राहत मिली है। वहीं, कई इलाकों में जलजमाव हो गया है। जिससे कई मार्गो पर आवागमन बाधित हुआ है। आकाशवाणी समाचार की कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

इधर, पूर्णियां में भी लगातार हो रही आंधी—बारिश और ओलावृष्टि से धमदाहा अनुमंडल में फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

———साउंड बाइट———

जिले में कल देर शाम आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। सिर्फ धमदाहा प्रखंड में हजारों एकड़ में लगी फसल के बर्बाद होने के समाचार हैं। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम ने बताया कि प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को फसल क्षति का सर्वेक्षण करने का निर्देश दे दिया गया है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

वहीं, मधुबनी जिले में हुयी बारिश से जयनगर के व्यापार मंडल में धान अधिप्राप्ति के लिए रखा गया दर्जनों बोरी धान खराब हो गया है। इसके साथ ही शिवहर, दरभंगा, शेखपुरा, मुंगेर, सुपौल, सहरसा, अरवल समेत अन्य स्थानों पर बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

———————————————————————

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर के मोहिउद्दीन नगर में सबसे अधिक पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, बेगूसराय के छौराही में बहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। अधिकांश स्थानों का तापमान पच्चीस डिग्री सेल्सिय से नीचे चला गया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा और सुपौल जिले में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह आवंटन अब बढ़कर पचास प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पीएनजी विस्तार के लिए सुगम सुधारों पर आधारित दस प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। यह अतिरिक्त आवंटन रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, सब्सिडी वाली कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों

को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा। सरकार ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

---

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। मंत्रालय ने कहा कि फरवरी के अंत से अब तक इस क्षेत्र से लगभग तीन लाख तीस हजार लोग भारत लौट चुके हैं।

---

केन्द्र सरकार ने आयकर नियम, दो हजार छब्बीस अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम, पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे। नए नियमों का उद्देश्य अनुपालन को बढ़ाना और नियमों की संख्या कम करके कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि आयकर अधिनियम दो हजार पच्चीस से त्रुटियां, विवाद और अनुपालन लागत कम होगी।

———साउंड बाइट———

आयकर अधिनियम 2025 स्पष्ट रूप से 1961 के अधिनियम का स्थान लेगा, ये सरल, निष्पक्ष और स्पष्ट है। इसमें जनता के लिए कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। जो निश्चित रूप से भारत को एक कर–अनुकूल देश के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी। इसके साथ कई और भी उपाय है लेकिन उन पर चर्चा बाद में होगी

---

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईद को रमजान के महीने की समाप्ति का प्रतीक भी माना जाता है। **इस मौके पर** अकीदतमंदों ने ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की। ईद को लेकर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। पटना से हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना स्थित गांधी मैदान और शाही ईदगाह गुलजारबाग में ईद की नमाज अदा की गयी।

———रिपोर्ट———

इधर, विभिन्न जिलों से हमारे **संवाददाताओं** ने बताया कि ईद–उल–फित्र का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है। भागलपुर जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि साहजंगी मैदान, ततारपुर चौक और नाथनगर सहित कई स्थानों पर सामूहिक रूप से नमाज अदा की गयी। वहीं, गोपालगंज, मधुबनी, पश्चिम चंपारण, सहरसा, दरभंगा, बक्सर, सुपौल, रोहतास, शिवहर, अररिया, कटिहार, सीतामढ़ी सहित अन्य जिलों में भी ईदगाह में अकिदतमंदों ने नमाज अदा की।

---

ईद–उल–फित्र के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदेशवासियों को ईद की बधाई दी है।

—————————————————

पटना स्थित ज्ञान भवन में आज से तीन दिवसीय बिहार नर्सरी और ग्रीन–टेक कॉन्क्लेव, दो हजार छब्बीस की शुरूआत हुयी। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने इस कॉन्क्लेव का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार की खेती में तकनीकी बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि तकनीक के सहारे खेती को आधुनिक बनाया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि नर्सरी अब केवल पौधे तैयार करने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय का एक बड़ा स्रोत बनकर उभर रही है। इस मौके पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार भी मौजूद रहे।

—————————————————

बिहार दिवस समारोह कल मनाया जाएगा। इस साल बिहार दिवस का थीम–**'उन्नत बिहार–उज्ज्वल बिहार' है।** यह थीम राज्य के सतत विकास और गौरवशाली भविष्य के संकल्प को दर्शाती है। बिहार दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में तीन दिवसीय मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्‌घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन चौबीस मार्च को समापन समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में देश के कई जाने–माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

बिहार दिवस पर पटना के गांधी मैदान में सरकार की विकासात्मक और लोक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये जायेंगे। समारोह को लेकर गांधी मैदान में कई भव्य पैवेलियन बनाये गये हैं, जहां बिहार की सभ्यता–संस्कृति, परंपरा, कला, परिधान, खान–पान और विकास की गाथा को दर्शाया जायेगा। साथ ही कला और संस्कृति पर आधारित कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। गांधी मैदान के साथ–साथ श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल और रविन्द्र भवन में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जानी–मानी कथक नृत्यांगना नीलम चौधरी, ओडिसी नृत्यांगना रमिन्दर खुराना और भरतनाट्‌यम की मशहूर कलाकार डॉक्टर एन. विजयलक्ष्मी अपनी प्रस्तुति देंगी। गांधी मैदान में गायक शान, पेपोन और सोना महापात्रा की प्रस्तुति होगी। साथ ही पंडित जगत नारायण पाठक और दरभंगा घराने के मल्लिक बंधु ध्रुपद गायन की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा भी कई अन्य कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। जिला मुख्यालयों में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। समाचार कक्ष से मैं सत्यम कुमार।

---

बिहार दिवस के अवसर पर राजधानी पटना में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिला प्रशासन की ओर से पटना के गांधी मैदान और आस–पास के क्षेत्रों में छप्पन विभिन्न स्थानों पर दो पालियों में चौरानवे दंडाधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

---

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय–खाय के साथ शुरू होगा। तेईस मार्च को खरना होगा। वहीं, चौबीस मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पच्चीस मार्च को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चैती छठ का अनुष्ठान सम्पन्न होगा। इधर, छठ को लेकर विभिन्न जिला प्रशासनों की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पटना जिला प्रशासन ने आठ गंगा घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है। सभी घाटों पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की तैनाती की गयी है। इस दौरान गंगा नदी में कल से पच्चीस मार्च तक नाव के परिचालन पर रोक रहेगी।

---

बिहार के एथलीट पियूष राज ने तिरुवनंतपुरम में आयोजित ऑल इंडिया ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की चार सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। पीयूष ने यह दौड़ सैंतालीस दशमलव एक सेकंड में पूरी की। भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन ने बताया कि पियूष राज का चयन एशिया कप और विश्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है।

---

सुपौल के संयुक्त कृषि भवन, गौरवगढ के परिसर में दो दिवसीय किसान मेला मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि प्रदर्शनी भी लगायी गयी है। कार्यक्रम में जिले के सभी ग्यारह प्रखंडों के पच्चीस–पच्चीस किसानों ने सहभागिता की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही फसलों को व्यापक नुकसान। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया और सुपौल समेत आस–पास के जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

02. केंद्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की मंजूरी दी।

03. ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, बिहार के एथलीट पीयूष राज ने ऑल इंडिया ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की चार सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।